बुधवार
17 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बक्सर समेत 14 जिलों में 10 अगस्त से खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवाएं 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## अब मोबाइल चोरी या गुम होने पर संचार साथी पोर्टल से होगा ट्रैक

- ♦ टेलीकॉम मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया संचार साथी पोर्टल
- ♦ पोर्टल को हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ देश की सभी भाषाओं में किया जा सकता है इस्तेमाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश के किसी भी कोने में अगर आपका मोबाइल फोन गुम या चोरी हो गया है, तो उसे ढूंढ़ निकालने में मदद करेगा सरकार का संचार साथी पोर्टल। मंगलवार यानि 16 मई को टेलीकॉम मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस पोर्टल को लॉन्च किया। इस पोर्टल की खास बात ये है कि इसे हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ देश की सभी भाषाओं में इस्तेमाल किया जा सकता है। मोदी सरकार ने टेलीकॉम यूजर्स की पहचान को सुरक्षित बनाने, उनके केवाईसी के साथ होने वाले फजीवाड़े पर लगाम कसने और उनके चोरी किए गए मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने के लिए इस संचार साथी पोर्टल को लॉन्च किया है। इस पोर्टल के जरिए मोबाइल यूजर्स अपने चोरी किए गए फोन के लोकेशन को ट्रेस करने के साथ ही उसे ब्लॉक कर सकेंगे भले ही उसमें सिम बदल दिया गया हो।




### 36 लाख फर्जी मोबाइल कनेक्शन हुए बंद

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नागरिक होने के नाते ये हमारा हक है कि हमारे नाम पर कोई फोन कनेक्शन ना ले। फोन कनेक्शन अब केवाईसी से जुड़ा होगा। देश में कहीं भी मोबाइल फोन आपके नाम पर लिया गया होगा तो आर्टिफियल इंटेलीजेंस के जरिए उसका पता लगाकर उसे ब्लॉक किया जा सकेगा। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि मोबाइल फोन के जरिए कई तरह के फ्रॉड किए जाते हैं जिसमें यूजर्स के पहचान की चोरी, केवाईसी के साथ छेड़छाड़, बैंकिंग फ्रॉड शामिल है। संचार साथी पोर्टल के जरिए 40 लाख फर्जी मोबाइल कनेक्शन की पहचान करने में मदद मिली है और इनमें से 36 लाख कनेक्शनों को बंद किया जा चुका है। उन्होंने यूजर्स से डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट संचारसाथी डॉट इन पोर्टल पर जाने की अपील भी की। इस पोर्टल के जरिए यूजर्स जान सकेंगे कि उनके नाम पर कितने मोबाइल कनेक्शन जारी हुए हैं। अगर उनके नाम पर कोई फर्जी कनेक्शन जारी हुए हैं तो वे उसे रिपोर्ट कर सकेंगे।

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तीन प्रमुख सुधारों को लॉन्च किया। जिसमें चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के लिए सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) की शुरूआत की गई। इसके अलावा नो यॉर मोबाइल कनेक्शंस जिसमें आप जान सकते हैं कि आपके नाम पर कितने मोबाइल कनेक्शन रजिस्टर्ड है। और तीसरा है एएसटीआर जिसमें फर्जी मोबाइल ग्राहकों की पहचान की जा सकेगी।

## खबरें फटाफट

### विधायक किरण देवी और सांसद प्रेमचंद के ठिकानों पर छापा




**पटना।** नौकरी के बदले जमीन घोटाले को लेकर केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को लालू प्रसाद की करीबी माने जानी वाली विधायक किरण देवी और राज्यसभा सदस्य प्रेम चंद गुप्ता के कई ठिकानों पर छापेमारी की। सीआईडी ने आरा में आरजेडी विधायक किरण देवी के आवास पर छापेमारी की। किरण देवी के पति अरुण यादव बिहार में बड़े बालू कारोबारी हैं। छापेमारी की कार्रवाई भोजपुर के अंगियांव स्थित आवास पर की गई। जानकारी के मुताबिक, उइकने विधायक किरण देवी और राज्यसभा सदस्य प्रेम चंद गुप्ता से संबंधित नौ ठिकानों पर छापेमारी की। सीआईडी के अधिकारियों ने बताया कि कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता सामने आने के बाद ये छापेमारी की गई। इतना ही नहीं सीआईडी ने इस सिलसिले में गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा तथा दिल्ली में गुप्ता के परिसरों पर छापेमारी की।

### योगी सरकार ने महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने राज्य के 16.35 लाख कर्मचारियों और 11 लाख पेंशनरों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट भी किया। ट्वीट में उन्होंने लिखा कि यूपी सरकार में सेवारत 16.35 लाख राज्य कर्मचारियों और 11 लाख पेंशनरों के व्यापक हित में, प्रदेश सरकार की ओर से 01 जनवरी, 2023 से देय महंगाई भत्ता के साथ महंगाई राहत की दर में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुए इसे 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी करने का फैसला लिया गया है। इससे पहले सीएम योगी ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों की डीए बढ़ोतरी वाले प्रस्ताव को मंजूरी दी। ऐसे में यूपी के 16 लाख से ज्यादा कर्मचारियों और 11 लाख पेंशनरों को बढ़े हुए डीए के साथ सैलरी इसी महीने यानी मई से मिलने लगेगी। यूपी में अब तक राज्यकर्मियों को 38 फीसदी डीए का लाभ मिल रहा था।

### कर्नाटक सीएम के नाम पर दिल्ली में हुआ मंथन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के नए सीएम पद को लेकर मंगलवार को बैठकों का दौर जारी रहा। पूर्व सीएम सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार दोनों ही दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर चुके हैं। पहले कहा जा रहा था कि मंगलवार शाम तक सीएम के नाम की घोषणा कर दी जाएगी, लेकिन अब सूत्रों ने बताया कि बुधवार को सीएम के नाम का एलान किया जा सकता है। ये एलान दिल्ली में नहीं बल्कि बेंगलुरु में किया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को दिन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनने के लिए राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत की।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांटे 71,000 नियुक्ति पत्र, बोले-

## सरकार के प्रयास से भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद खत्म हुआ

- ♦ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी ने किया संबोधित
- ♦ बोले- आज आवेदन करने से लेकर नतीजे आने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्ती के लिए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आप सभी ने कड़ी मेहनत से ये सफलता हासिल की है। मैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। पीएम ने कहा कि बीते 9 वर्षों में भारत सरकार ने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा तेज करने, ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने को प्राथमिकता दी है। आज आवेदन करने से लेकर नतीजे आने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। आज डॉक्यूमेंट्स को सेल्फ अटेस्ट करना भी पर्याप्त होता है। ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों पर भर्ती के लिए इंडरव्यू भी खत्म हो गए हैं। इन सारे प्रयासों से भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है।

बीते 9 वर्षों में नेचर ऑफ जॉब भी बहुत तेजी से बदला है। बदलती हुई इन परिस्थितियों में युवाओं के लिए नए सेक्टर्स उभर कर आए हैं। केंद्र सरकार इन नए सेक्टर्स को भी निरंतर सपोर्ट कर रही है। इन 9 वर्षों में देश ने स्टार्ट अप कल्चर की नई क्रांति देखी है। 9 साल पहले आज के ही दिन 16 मई को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे। तब पूरा देश उत्साह, उमंग और विश्वास से झूम उठा था। सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ कदम बढ़ाने वाला भारत, आज विकसित भारत बनने के लिए प्रयास कर रहा है। बीते 9 वर्षों में गरीबों के लिए जो 4 करोड़ पक्के घर बनाए गए हैं उन्होंने भी रोजगार के अनेक नए अवसर बनाए हैं। गांव-गांव में खुले 5 लाख कॉमन सर्विस सेंटर आज रोजगार का बड़ा माध्यम बने हैं। युवाओं को विलेज लेवल का एंटरप्रेन्योर बना रहे हैं। पीएलआई स्कीम के तहत केंद्र सरकार मैन्युफैक्चरिंग के लिए करीब 2 लाख करोड़ रुपये की मदद दे रही है। ये राशि भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के साथ ही लाखों युवाओं को रोजगार में भी सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि नए भर्ती किए गए लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

### अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता पर जारी की रिपोर्ट, भारत को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एक बार फिर धार्मिक हिंसा को लेकर भारत को निशाना बनाने की कोशिश की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी सालाना रिपोर्ट जारी की है। साल 2022 को लेकर जारी इस रिपोर्ट में भारत में मुसलमानों और ईसाइयों समेत धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले की बात कही गई है। इस रिपोर्ट पर एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत लगातार हो रही धार्मिक हिंसा की निंदा करे। अमेरिकी अधिकारी का बयान ऐसे समय में आया है जब अगले महीने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत में मुसलमानों और ईसाइयों सहित धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों का जिक्र किया गया है।

मुसलमानों, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ लक्षित हमलों का हवाला देते हुए, एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि यह नागरिक समाज के सदस्यों, साहसी पत्रकारों के साथ काम करना जारी रखेगा और इन मुद्दों को हल करने के लिए अपने समकक्षों से सीधे बात करेगा। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पत्रकारों को रिपोर्ट पर जानकारी देते हुए भारत की 'विशाल क्षमता' की बात की और कहा कि वह लगातार हो रही धार्मिक हिंसा से 'दुखी' हैं। अधिकारी ने कहा, इन चिंताओं के संबंध में, हम सरकार को हिंसा की निंदा करने और धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति अमानवीय बयानबाजी करने वालों को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## प. बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात लोगों की मौत

**एजेंसी/मेदिनीपुर**

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से सात लोगों की मौत हो गई। वहीं इसमें कई लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर 2.5 लाख रुपये देने का ऐलान किया है। वहीं उन्होंने घटना की सीआईडी जांच का आदेश दिया है।

घटना के संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस आवास में ये फैक्ट्री चल रही थी, वह पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई। पिछले महीने फैक्ट्री में छापा मारा गया था और उसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के बावजूद यहां पटाखे बनाए जा रहे थे। मामले में जांच की जा रही है।

वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने एगरा ब्लास्ट की एनआईए जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एगरा में एक घटना घटी, ये उड़ीसा सीमा के पास है। आरोपी व्यक्ति को पहले गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ चार्जशीट थी। उन्हें जमानत मिल गई। उसने फिर से अवैध रूप से अपना कारोबार शुरू कर दिया। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। घटना की सीआईडी जांच के आदेश दिए गए हैं।

### इस बार थोड़ी देर से होगा मानसून का आगमन

**नई दिल्ली।** इस साल केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में थोड़ी देरी होने की संभावना है। मौसम विभाग कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मानसून के चार जून को दस्तक देने की संभावना है। दक्षिणी राज्य में मानसून पिछले साल 29 मई, 2021 में 3 जून और 2020 में 1 जून को पहुंचा था। आईएमडी ने पिछले महीने कहा था कि अल नीनो की स्थिति के बावजूद भारत में मानसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। अभी देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। आईएमडी अधिकारी कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मई के पहले दो हफ्तों में हीटवेव की स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण कम गंभीर थी जिसने उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को प्रभावित किया।




### उरी को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिए रेल मंत्रालय का सीमा तक रेल की पटरी बिछाने का फैसला

## पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन, उरी से बारामूला तक जल्द दौड़ेगी ट्रेन

**एजेंसी/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर का उरी भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के लिए जंग का मैदान रहा है। मगर, इन दिनों उरी कुछ और ही वजहों से खबरों में बना हुआ है। दरअसल, भारतीय रेल ने उरी को रेल का तोहफा दिया है. अगर सब कुछ ठीक रहा तो इस साल के अंत तक उरी को रेल से जोड़ने का काम शुरू हो जाएगा। उरी की दूरी राजधानी श्रीनगर से 122 किलोमीटर है, जहां से आने-जाने लिए फिलहाल सड़क मार्ग ही है। साल 2009 में बनिहाल से बारामूला तक रेल सेवा शुरू होने से उरी से संपर्क में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन करीब 50 किलोमीटर का सफर उरी से बारामूला तक सड़क के रास्ते ही पूरा करना पड़ता है।



उरी को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिए रेल मंत्रालय ने सीमा तक रेलवे की पटरी बिछाने का फैसला लिया है। इसको देखते हुए नॉर्दर्न रेलवे प्रस्तावित लाइन के लिए ग्राउंड और एरियल सर्वे तीन महीने में पूरा करके रेल मार्ग पर काम साल के अंत तक शुरू हो सकता है। रेलवे का काम शुरू होने की खबर सुनकर इलाके के लोग खुले दिल से केंद्र सरकार, रेलवे विभाग और प्रदेश सरकार का धन्यवाद कर रहे हैं। उरी के पार्षद डॉ. सज्जाद शफी के अनुसार रेलवे का काम शुरू होने से इलाके में बेरोजगारी खत्म होगी और विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

सज्जाद शफी ने कहा, रेल के आने के बाद बॉर्डर टूरिज्म और इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सीमावर्ती इलाके में लोगों को काफी राहत मिलेगी। वहीं, उत्तर रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि कश्मीर में 50 किलोमीटर लंबा बारामूला-उरी खंड पर काम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और सर्वेक्षण के लिए टेंडर भी मंगाए गए हैं। परियोजना पूरी हो जाने के बाद उरी का सीमावर्ती क्षेत्र रेलवे से जुड़ जाएगा।

उरी निवासी मोहम्मद अमीन ने कहा, उरी में सबसे ज्यादा अखरोट और अन्य मेवे की अच्छी पैदावार होती है। अभी पैदावार होने के बाद सामान को उरी से बाहर ले जाने में काफी दिक्कत का समना करना पड़ता है। इससे अब आसानी होगी।

केशव टाइम्स

बक्सर, 17 मई 2023

website : keshavtimes.com

e-mail:keshavtime@gmail.com



## खबरें फटाफट

### पूर्व मुखिया के पति और बेटे सहित आठ के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी

**आरा।** कृष्णगढ़ थाने के सरैयां बाजार में पश्चिमी गुंडी पंचायत की मुखिया के पति सह सीमेंट-छड़ व्यवसायी मुन्ना यादव की चुनावी रंजिश में हत्या करायी गयी है। पूर्व मुखिया के पति और उनके सात सहयोगियों द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्या को लेकर मुखिया अमरावती देवी के बेटे विकास कुमार यादव की ओर से दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। हत्या में पूर्व मुखिया के पति अंशु उपाध्याय उर्फ सिद्धार्थ प्रियदर्शी, धनजी यादव?, तेज प्रताप यादव, लाला यादव, तनिष्क उपाध्याय, सभापति यादव, जगदीश यादव और मेघनाथ यादव को नामजद आरोपित किया गया है। सभी कृष्णागढ़ थाने के बभनगावां गांव के रहने वाले हैं। इनमें एक आरोपित मुखिया को गोली मारने के मामले में जेल में बंद है। तीन-चार अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि गत पंचायत चुनाव में उसकी मां अमरावती देवी मुखिया पद की उम्मीदवार थे। अंशु उपाध्याय और पूर्व मुखिया भी प्रत्याशी थी। उसमें उसकी मां अमरावती देवी जीत गयी थी। जबकि विपक्षी अंशु उपाध्याय की पत्नी हार गयी थी। उसके बाद से ही अंशु उपाध्याय अन्य आरोपितों के साथ मिल कर उसके परिवार को टारगेट कर रहे हैं। पिछले साल उसकी मां को भी गोली मारी गयी थी। उसी कड़ी में रविवार की सुबह उसके पिता की गोली मारहत्या कर दी गयी। विकास कुमार यादव के अनुसार अंशु उपाध्याय की ओर से पंचायत चुनाव के पहले भी चुनाव नहीं लड़ने की धमकी दी जा रही थी। वहीं उसकी मां को गोली मारे जाने के मामले में गवाही देने पर तेज प्रताप की ओर से भी धमकी दी जाती थी। इधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को एएससी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी आरोपित की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। पुलिस हत्या के कारणों की तफ्तीश कर रही है।

# तैयारी: बक्सर समेत 14 जिलों में 10 अगस्त से खिलाई जाएंगी फाइलेरिया की दवाएं

- आगामी एमडीए अभियान के लिए रणनीति बनाने के लिए राज्य स्तरीय टीओटी का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/पटना**



जहां भी फाइलेरिया के मरीज पाए जाते हैं, वहां पर सघन निगरानी एवं नियमित अनुश्रवण की जरुरत है। हाइड्रोसिल के मरीजों की लाइन लिस्टिंग जरुरी है, ताकि हमलोग मिशन मोड में हाइड्रोसिल के मरीजों की सर्जरी कर सकें। लाइन लिस्टिंग जिला एवं प्रखंड स्तर पर हो ताकि ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उनकी सर्जरी की जा सके। पिछली बार के मुकाबले इस बार फरवरी के राउंड में हमारा एमडीए कवरेज बेहतर हुआ है। जहां मरीज ज्यादा पाए जाते हैं वहां अधिक मानव बल की व्यवस्था की जाये, उक्त बातें सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने आगामी एमडीए कार्यक्रम के लिए रणनीति तैयार करने के लिए राज्यस्तरीय टीओटी का उद्घाटन करते समय कही।

कार्यपालक निदेशक ने बताया कि एमडीए राउंड में दवा सेवन सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तर तक मजबूत मॉनिटरिंग की जरुरत है। एमडीए-राउंड की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। फाइलेरिया के उपचार की तुलना में इसकी रोकथाम पर ध्यान देने की जरूरत है। एमडीए के जरिए ही फाइलेरिया की रोकथाम एवं उन्मूलन संभव है।

**फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 2027 तक का है लक्ष्य:** डॉ. वाई पाठक, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, आशा सेल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने वर्ष 2027 तक लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रखंड स्तरीय नीति के अंतर्गत सभी प्रखंडों में आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण, उनके साथ नियमित बैठक एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्यकर्मियों का आशाकर्मियों में सामंजस्य होना आवश्यक है।

इस दौरान राज्य द्वारा सभी जिलों के एनसीडी पदाधिकारीयों तथा सभी सहयोगी विभागों के प्रतिनिधियों को पिछले एमडीए अभियान के दौरान बेहतर काम करने ले लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एमडीए राउंड में सहयोग कर रहे सभी विभागों की भूमिकाओं पर विस्तार से चर्चा हुयी। साथ ही सहयोगी संस्थाओं में शामिल डब्ल्यूएचओ, केयर इण्डिया, पीसीआई, जीएचएस एवं सीफार ने एमडीए में अपने योगदान की जानकारी दी।

कार्यक्रम में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ अशोक कुमार, फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत एवं स्टेट फाइलेरिया ऑफिस से प्रभात, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन से अमोल पाटिल, एनवीबीडीसीपी के पूर्व पदाधिकारी वीके रैना, पीसीआई के रणपाल, केयर इंडिया से टीम लीड विकास सिन्हा एवं स्टेट प्रोग्राम मैनेजर बासब रूज, जीएचएस से अनुज घोष, सीफार से रणविजय कुमार सहित सभी जिलों के अधिकारी उपस्थित थे।

### दवा सेवन कराने के लिए विशेष रणनीति पर जोर

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि एमडीए की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्य-योजना एवं मॉनिटरिंग एवं सपोर्टिव सुपरविजन पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के 14 जिलों अररिया, भोजपुर, बक्सर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, पटना, पुर्णिया, रोहतास, समस्तीपुर, लखीसराय, दरभंगा, नालंदा एवं नवादा में 10 अगस्त से एमडीए अभियान चलाया जायेगा।

### हर प्रखंड से लिए जायेंगे 300 स्लाइड

डब्ल्यूएचओ के एनटीडी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि प्रखंड स्तरीय नीति बनाने से ज्यादा से ज्यादा लक्षित आबादी को दवा खिलाने में सफलता मिलेगी। इसके लिए आवश्यक है कि पिछले एमडीए अभियान एवं नाईट ब्लड सर्वे का आंकलन कर रणनीति बनायीं जाये और सभी एकजुट होकर उसपर काम करें। नाईट ब्लड सर्वे के दौरान हर प्रखंड में दो साईट होंगे, एक सेंटिनल एवं एक रैंडम साईट। हर प्रखंड से 300 सैंपल इकट्ठा किये जायेंगे।

## मैजिक वाहन ने बाजार से लौट रही जीजा-साली को मारी ठोकर, जीजा जख्मी

# चचेरी बहन की शादी की खरीदारी के लिए निकली किशोरी की हादसे में मौत

- सुबह हुई थी मृतका की बहन की विदाई, दोपहर में उठी उसकी अर्थी

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव के समीप आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी?। जिसमें बाइक सवार किशोरी की मौत हो गयी। जो नौंवी की छात्रा थी। वहीं, हादसे में उसके जीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि, बाइक पर सवार एक अन्य लड़की बाल-बाल बच गयी। मृत छात्रा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एडौरा गांव निवासी विनय कुमार गुप्ता की बेटी शीशम कुमारी (13 वर्षीय) थी। उसके जख्मी जीजा पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी अमीरचंद साह का बेटा हरेराम साह (26 वर्षीय) है। जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

छात्रा के चाचा अनिल गुप्ता ने बताया कि सोमवार को शीशम की बड़ी बहन रेशमा की बारात आयी थी। मंगलवार की सुबह उसकी विदाई हुई है। साथ ही, मंगलवार को उनकी बेटी नीतू की बारात आने वाली है। जिसके लिए शीशम अपने जीजा और अपनी सहेली मोहनी कुमारी के साथ शादी के लिए सामान खरीदने के लिए गड़हनी गयी थी। सामान की खरीदारी के बाद तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान बगवां मोड़ के समीप एक मैजिक वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार कर मार दी। जिसमें शीशम कुमारी और उसके जीजा हरेराम साह गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठी मोहनी बाल-बाल बच गई। उसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन और परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से शीशम कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया।

**सुबह निकली थी बड़ी बेटी की डोली :** हादसे ने विनय कुमार गुप्ता के घर की खुशियां छीन ली। सड़क दुर्घटन में छोटी बेटी की मौत से शादी वाले घर में कोहराम मच गया। सुबह में जिस घर से बड़ी बेटी की डोली निकली थी, वहां से दोपहर में छोटी की अर्थी निकाली जा रही थी। उस हृदय विदारक दृश्य को देख लोगों का कलेजा फट जा रहा। जिस पिता ने बेटी को डोली में भेजने का सपना संजोया था, वह आज उसी बेटी की अर्थी कंधे पर ले जा रहा था। सुबह में बड़ी बेटी की विदाई से उदास विनय गुप्ता पर दोपहर होते-होते दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। शीशम की मौत से घर में शादी का माहौल मातम में बदल गया। महिलाओं के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। दूसरी ओर, मंगलवार की शाम उसकी चचेरी बहन की बारात भी आने वाली है।

### शादी से लौट रहे सारण के युवक की हादसे में मौत, एक जख्मी



**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकॉल गांव के पास मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक सारण जिला के सोनपुर थाना क्षेत्र के प्रवेजाबाद गांव निवासी महेंद्र रजक का 35 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार रजक था। वहीं, बाइक पर सवार एक अन्य युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जो भोजपुर के संदेश गांव निवासी सुरेश रजक का बेटा कृष्णा कुमार रजक है।

हादसे के संबंध में कृष्णा कुमार रजक ने बताया कि चांदी थाना क्षेत्र के तापा जलपुरा निवासी उसके रिश्तेदार के घर सोमवार को शादी थी। उसमें भाग लेने दोनों तापा जलपुरा गांव गये थे। मंगलवार की सुबह दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। उसी दौरान तीर्थकॉल गांव के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। उसमें दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा रंजीत को मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने में युवक को लगी गोली, घटनास्थल से खोखा बरामद

**आरा।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में सोमवार की रात तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने के दौरान एक युवक को गोली लग गयी। गोली उसकी जांघ में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक उसी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी सागर सिंह का 21 वर्षीय पुत्र प्रहलाद सिंह है। पुलिस की शुरूआती जांच में उसे खुद के पिस्टल से ही गोली लगने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया है। हालांकि उसके दोस्तों का कहना था कि तिलक समारोह में जाने के दौरान धोबहां छलका के पास अपराधियों द्वारा उसे गोली मारी गयी है। बताया जा रहा है कि प्रहलाद सिंह अपने दो दोस्तों के साथ एक मित्र के तिलक में भाग लेने महुली गांव गया था। वहीं पर हर्ष फायरिंग के दौरान उसे गोली लग गयी। उसके बाद उसके दोस्तों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं सूचना मिलने पर धोबहां ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन की। उस क्रम में जिस घर में तिलक आया था, उसके दरवाजे से एक खोखा बरामद किया गया। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जांच में युवक को खुद से गोली लगने की बात सामने आयी है। उन्होंने बताया कि युवक कमर में पिस्टल रखा था। कॉक करने के दौरान गोली चल गयी, जो उसके हाथ टच करते पैर में लग गयी। घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की ओर से भी पूछताछ में उसे खुद से गोली लगने की बात कही जा रही है। आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया जायेगा। उस संबंध में थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।



### सपना देखने वालों को मिलती है सफलता: निशांत

**जहानाबाद।** स्थानीय मानस इंटरनेशनल एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा संचालित मानस इंटरनेशनल स्कूल निकट कोर्ट स्टेशन के परिसर में कौन बनेगा करोड़पति के तर्ज पर कौन बनेगा सिकंदर ज्ञान खेल के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के चेयरमैन डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिटलर के यंत्रणा शिविर में लाखों लोग के साथ जर्मनी के एक स्कूल के यहूदी प्रिंसिपल भी कैद थे। वहां से जीवित बच निकलने वाले वह अकेले शख्स थे। बाद में उन्होंने दुनिया भर के शिक्षकों से एक मार्मिक अपील की थी। दुनिया भर के शिक्षक बंधुओं से मेरी गुजारिश है कि अपने विद्यार्थी को सबसे पहले इंसान बनाना सिखाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा न दें कि वह हैवानियत, विक्षिपत्ता या किसी मनोरोग के शिकार हो जाए। पढ़ना, लिखना और ज्ञान प्राप्त करना महत्वपूर्ण है पर उसी सीमा तक जहां तक व्यक्ति को वह इंसान बनने में मदद करते हैं। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में इसकी भारी कमी है जिससे स्कूल और विश्वविद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा के साथ आत्मज्ञान और नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा का अपना महत्व है और ऐसी शिक्षा का उद्गम आध्यात्मिक मूल्यों से ही संभव है। देश के सभ्यता एवं संस्कृति के संरक्षक भारतीय अध्यापकों से मेरा आग्रह है कि राष्ट्र के आशा सुमन छात्र-छात्राओं को होनहार नागरिक बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।



### सदर अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा शुरू

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय तथा सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने सदर अस्पताल के परिसर में संयुक्त रूप से जिलावासियों के लिए डायलिसिस की सुविधा कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए जिले में डायलिसिस की सुविधा बहुत हीं आवश्यक है। उन्होनें बताया कि जिले में अपोलो डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा पीपीपी मॉडल पर डायलिसिस यूनिट को संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में पांच डायलिसिस की मशीनों को लगाया गया है, जिसमें चार मशीनें सामान्य रोगियों के लिए तथा एक मशीन संक्रमित रोगी के लिए उपयोग किया जाएगा। डायलिसिस की सुविधाएं सभी जिलावासियों को निःशुल्क तथा शुल्क सहित दोनों प्रकार से दी जाएंगी। जिसमें पीएचएस सूची में जिन लाभार्थियों का नाम शामिल होगा, उनके लिए जिला अस्पताल में सरकार निःशुल्क सेवा उपलब्ध करायेगी। साथ ही, अन्य लोगों को डायलिसिस की सुविधा के लिए 1745 रुपए का भुगतान करना होगा। सदर विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अब जिलावासियों को डायलिसिस की सुविधा जहानाबाद सदर अस्पताल में भी दिया जा रही है। आप अपने परियजनों को तथा आस-पास के लोगों को बताए कि जिले में डयलिसिस की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, माननीय विद्यायक, जहानाबाद के साथ-साथ सिविल सर्जन, अधीक्षक, सदर अस्पताल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।



### जमानत पर आये गांजा तस्करी के आरोपित को आपसी विवाद में मारी गोली

**आरा।** भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी हाल्ट के समीप सोमवार की शाम एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके कान के पास लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी नगरी गांव निवासी कमलेश पांडेय का पुत्र सुशील पांडेय है। वह गांजा तस्करी के आरोप में जेल गया था और हाल में ही जमानत पर बाहर आया है। उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। उधर, गोली मारे जाने की घटना के बाद भीड़ द्वारा खदेड़ कर दो हमलावरों को पकड़ लिया गया। उसके बाद दोनों की जमकर धुनाई कर दी गई। उसमें दोनों जख्मी हो गए, जिनका इलाज पुलिस अभिरक्षा में चरपोखरी में कराया जा रहा। इस दौरान गोली से जख्मी युवक के चचेरे भाई भुवर पांडेय सहित दो लोग भी चोटिल हो गए। गिरफ्तार हमलावरों में सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के निर्भयडिहरा गांव निवासी

सुदर्शन राय के पुत्र विष्णु कुमार और सौरभ कुमार बताये जा रहे हैं। विष्णु कुमार का भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह भी हाल में ही जेल से बाहर आया है। हालांकि तीसरा हमलावर भागने में सफल रहा। पुलिस की शुरूआती जांच में वर्चस्व की लड़ाई में घटना को अंजाम दिये जाने की बात सामने आ रही है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और छानबीन की। एसडीपीओ राहुल सिंह ने कहा कि पुलिस हर एंगल से छानबीन कर रही है।

# गैस रिसाव से लगी आग में झुलसी महिला, मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव में सोमवार की रात गैस सिलेंडर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद उसे इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था, जहां उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत महिला बागर गांव निवासी लालबाबू शर्मा की पत्नी ललिता देवी थी। बताया जा रहा है कि शाम को उनकी बेटी का तिलक गया था और रात में हादसा हो गया। आग लगने का कारण गैस का रिसाव होना। मृतका के बेटे मुन्ना शर्मा ने बताया कि उसकी छोटी बहन प्रियंका कुमारी की शादी है। 21 तारीख को शादी थी। सोमवार की शाम सभी लोग तिलक में गड़हनी सहिलापुल चले गए थे। इधर रात में उसकी मां गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में अचानक आग लग गई। उसमें उसकी मां बुरी तरह झुलस गयी। उनके चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोस के लोग पहुंचे और पानी व बालू फेंक कर किसी तरह आग बुझायी। सूचना मिलने पर सभी वापस घर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत चिंताजनक देख पटना रेफर कर दिया गया, लेकिन पटना ले जाने के दौरान उन्होंने बिहटा के समीप ही दम तोड़ दिया। उसके बाद शव लेकर गांव पहुंचे।

**बेटी की डोली उठने से पहले उठी मां की अर्थी:** लबना गांव में हुए हादसे के कारण बेटी की डोली से पहले घर से उसकी मां अर्थी निकल गयी। ललिता देवी अपनी बेटी को ससुराल जाते न देख सकीं। जरा सी लापरवाही ने उनकी जान ले ली। हादसे के बाद लाल बाबू शर्मा के घर शादी की खुशी अचानक मातम में बदल गयी। घर में मंगल गीत के बदले चीत्कार मच गया। घर की महिला सदस्यों की रोने-चीखने की आवाज से पूरे गांव का माहोल गमगीन हो गया था। कुछ घंटे पहले जो ललिता देवी लोगों को खुशी-खुशी बेटी का तिलक का सामान दिखा रही थी। बेटी की शादी की खुशी में इठलाती हुई मंगल गीत गा रही थी। वह सुबह मृत पड़ी थी।

## मलेरिया दिवस पर सदर प्रखंड स्थित पीएचसी में साप्ताहिक बैठक का आयोजन

# मलेरिया से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी: एमओआईसी

**केटी न्यूज/बक्सर**



विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सदर प्रखंड अंतर्गत एएनएम को मलेरिया, पल्स पोलियो, एनीमिया मुक्त अभियान आदि की जानकारी देने के साथ-साथ नियमित टीकाकरण, एनसीडी, एएनसी सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि मलेरिया को लेकर लोगों का जागरूक होना आवश्यक है। विगत वर्षों की तुलना में मलेरिया के मामले लगातार कम हो रहे हैं। फिर भी विभाग के कार्यक्रमों को जिले के प्रत्येक भाग में पहुंचकर मलेरिया की रोकथाम को लेकर डीडीटी के छिड़काव के साथ ही लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। इसको लेकर प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर के उपस्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। साथ ही, आशा कार्यकताओं को मलेरिया जांच की प्रक्रिया से अवगत कराया जा चुका है। जिसकी निगरानी करना संबंधित क्षेत्र की एएनएम की जिम्मेदारी है। आशा कार्यकर्ता संदिग्ध मरीजों को आरडीटी किट से जांच करेंगी।

**कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से न छूटे :** बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया, 28 मई से जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की जा रही है। ऐसे में सदर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में भी पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। जिसमें आप सभी को दृढ़ता के साथ काम करना है। किसी भी हाल में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से न छूटे। पांच दिवसीय पोलियो अभियान की प्रतिदिन अनुश्रवण और निगरानी की जाएगी। इसके लिए प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक टीम बनाई जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के कारण कई बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है।

**नियमित टीकाकरण, एनसीडी, एएनसी में न बरतें लापरवाही :** सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि जिले में एनसीडी और टेली कंसल्टेशन की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। जिसको लेकर स्वास्थ्य समिति और राज्य सरकार दोनों सख्त हैं। ऐसे में लख्य के अनुरूप प्रतिदिन मरीजों की एनसीडी और टेली कंसल्टेशन कराई जाए। ताकि, लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही, नियमित टीकाकरण व एएनसी में भी किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि अब सभी कार्यों की समीक्षा प्रखंड से लेकर राज्य मुख्यालय तक ऑनलाइन की जा रही है। ऐसे में यदि किसी पंचायत का प्रदर्शन खराब होगा, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित एएनएम, सीएचओ और आशा कार्यकर्ता की होगी। इसलिए आप सभी अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। बैठक में बीईई मनोज कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अशोक कुमार, यूनिसेफ के आलोक कुमार, अहाना के प्रतिनिधि प्रकाश कुमार समेत एएनएम शामिल रही।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से टकराई बाइक वाहन व चालक के उड़े परखच्चे

**डुमरांव।** मंगलवार की अहले सुबह डुमरांव में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। बंद क्रासिंग से बाइक पार कराने के दौरान एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए वहीं युवक भी क्षत विक्षत हो गया। घटना कितनी विभत्स थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 50 मीटर के दायरे में युवक के शरीर के अंग तथा बाइक के पार्ट पूर्जे बिखरे पड़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को बड़ी मुश्किल से कब्जें में उसकी पहचान की। पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी गई। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक रोहतास जिले के दिनारा थाना स्थित बीसीकला हाईस्कूल के शिक्षक मदन सिंह का 24 वर्षीय पुत्र शशांक कुमार बताया जाता है। मिली जानकारी के मृतक अपने रिश्तेदार के यहां एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए यूपी गया था। वहा से लौटने के दौरान अल सुबह करीब 3 बजे वह जैसे ही पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा तो क्रासिंग बंद थी और अप लाईन में रक्सौल लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस पार करने वाली थी। युवक क्रासिंग खुलने का इंतजार करने के बजाए बंद क्रासिंग से बाइक पार करा टैज्क पर आ गया। इसी दौरान उक्त टेज्न भी गुजरने लगी। जिसके संपर्क में आने से बाइक तथा युवक का शरीर टुकड़ो में बंट गया। शव इस कदर बिखरा था कि वहा मौजूद जीआरपी जवानों की रूह भी कांप उठी। वही घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा शव देख दहाड़ मारकर रोने लगे।

### शुरू हो गया दलसागर के पास बना टोल प्लाजा

**बक्सर।** दलसागर के पास बना टोल प्लाजा बुधवार से शुरू कर दिया गया। इसे लेकर एनएचएआई ने पहले ही आवश्यक सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। टोल चालू होने के बाद चयनित एजेंसी ने छोटे-बड़े वाहनों से निर्धारित टैक्स की वसूली शुरू कर दी है।

# गाजे-बाजे और विशाल जनसमूह के साथ नामांकन करने पहुंचे कई प्रत्याशी

**नगर निकाय चुनाव**

- छठ्वे दिन मुख्य पार्षद के 9 व उपमुख्य पार्षद के 8 समेत 94 ने किया नामांकन
- मंगलवार को नामांकन करने वालों की फेहरिस्त में शामिल रहे कई सूरमा

**केटी न्यूज/डुमरांव**





नगर परिषद चुनाव के छठवे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मंगलवार को नामांकन करने वालों में राजनेताओं के परिजन के अलावे पंचायत व नगर परिषद की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले कई दिग्गज प्रत्याशी भी शामिल रहे। जिस कारण अनुमंडल कार्यालय में पूरे दिन गहमा गहमी का माहौल रहा। वहीं बड़ी संख्या में प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के पहुंचने से चतुरशालगंज से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक सड़क के दोनों किनारे वाहनों की कतार तथा समर्थकों का हुजूम उमड़ा रहा। जब भी कोई प्रत्याशी नामांकन फार्म भर बाहर निकल रहा था उनके समर्थक उसे घेर जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। तल्ख धूप के बीच समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**नामांकन करने वाले प्रमुख प्रत्याशीः** मंगलवार को जिन प्रमुख प्रत्याशियों ने निकाय चुनाव के लिए नामजदगी का पर्चा भरा उनमें प्रमुख रूप से राजद सरकार के पूर्व मंत्री व पुराना भोजपुर निवासी अजित चौधरी की बहू अर्चना कुमारी, पुराना भोजपुर के पूर्व मुखिया जयबुन बीबी की बहू साहिना खातून, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बिहार प्रभारी डा एसके सैनी की पत्नी मिंकी सैनी के अलावे चंदा देवी, किरण कुमारी सिंह, कौशल्या देवी, समाजसेवी सुमित गुप्ता की मां सुनीता गुप्ता, मंजू देवी, रामापति देवी वही उप मुख्य पार्षद पद पर जदयू के कद्दावर नेता संजय चंद्रवंशी, विजय कुमार गुप्ता, मो ताजूद्दीन, पूर्व वार्ड पार्षद सुजीत कुमार शर्मा, अमित कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, विकास कुमार और सोनी कुमारी शामिल रहे। वही निवर्तमान चेयरमैन भागमनी देवी ने वार्ड 30 से पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र भरा है। वही जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने भी वार्ड 21 से वार्ड पार्षद पद के लिए नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावे वार्ड पार्षद पद के लिए विभिन्न वार्डो से कुल 77 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसके साथ ही अब तक मुख्य पार्षद के लिए 15 उपमुख्य पार्षद पद के लिए 16 तथा वार्ड पार्षद पद के लिए 205 प्रत्याशी सामने आ चुके है। बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन है।

**अंतिम दिन भी लगेगा प्रत्याशियों का जमघटः** बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में नामांकन के लिए प्रत्याशियों के अनुमंडल कार्यालय पहुंचने की संभावना है। अंतिम दिन सबसे अधिक भीड़ वार्ड पार्षद पद के लिए लग सकती है। जानकारी के अनुसार अंतिम दिन पूर्व उप मुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर की पत्नी तथा निवर्तमान पार्षद सुशीला देवी वार्ड 18 से अपना नामांकन फार्म भरेंगी। बता दें कि ब्रह्मा ठाकुर की गिनती डुमरांव नगर परिषद के कद्दावर नेताओं में होती है।

## वर्ष 2018-19 में बने आंगनबाड़ी केन्द्र के लंबित भुगतान से नाराज थे पूर्व प्रमुख

# पूर्व प्रमुख ने चौगाई पीओ कार्यालय में जड़ा ताला, ढाई घंटे तक कैद रहे कर्मी

- पूर्व प्रमुख ने लगाया आरोप- कई बार पीओ से लंबित पैसे के भुगतान की बात कही गई थी लेकिन कमीशन के खेल में नहीं कर रहे थे भुगतान

**केटी न्यूज/चौगाई**






मंगलवार को चौगाई पीओ कार्यालय में पूर्व प्रमुख ने ताला जड़ दिया। जिस कारण पीओ समेत करीब आधा दर्जन कर्मी ढाई घंटे तक बंधक बने रहे। बाद में काफी मान मनौव्वल के बाद पूर्व प्रमुख ने ताला खोला तब कर्मी बाहर निकल सके। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। पूर्व प्रमुख तथा चौगाई पंचायत के पूर्व मुखिया अनिता देवी के पति अवनीश नारायण यादव ने तालाबादी करने के दौरान बताया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में चौगाई पंचायत के वार्ड 02 में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कराया गया था। तब उनकी पत्नी अनिता देवी मुखिया थी। लेकिन इस योजना की शेष राशि का अबतक भुगतान नहीं हो सका है। जिस कारण मजदूरों की मजदूरी भी नहीं दी जा सकी है।

पूर्व प्रमुख ने कहा कि कई बार पीओ से लंबित पैसे के भुगतान की बात कही गई थी। लेकिन कमीशन के खेल में भुगतान नहीं कर रहे थे। जबकि आंगनबाड़ी का निर्माण करने वाले मजदूर अपनी मजदूरी की मांग कर रहे थे। जिससे नाराज होकर उन्होंने कार्यालय में तालाबंदी किया है। इधर इस घटना के बाद प्रखंड कार्यालय में कई तरह की चचाएं आम होने लगी। कुछ लोग मनरेगा में कमीशनखोरी को दोषी ठहरा रहे थे तो कुछ पूर्व प्रमुख की दबंगई की चर्चा भी कर रहे थे। ताला खुलने के बाद भी देर तक इस घटना की चर्चा पूरे प्रखंड कार्यालय परिसर व चौगाई में होते रही।

पूर्व प्रमुख द्वारा मनरेगा कार्यालय में लगभग ढाई घण्टे तक ताला बंद रखा गया था। इस दौरान पीओ समेत पूरा कर्मी वहां मौजूद थे। पूर्व प्रमुख अवनीश ने बताया कि कर्मियों व अधिकारियों की लापरवाही से मजदूर परेशानी का सामना कर रहे थे और अपनी मजदूरी मुखिया पति के घर जा कर मांग कर रहे थे। इधर पीओ से भुगतान करने की बात कहने पर वे आनाकानी कर रहे थे तथा कर्मियों से बात करने की बात कह रहे थे। जाहिर है वे कमीशन के खेल में ही भुगतान के मामले को टाल रहे थे।

**वर्तमान प्रमुख ने कराई सुलहः** करीब ढाई घंटे बाद वर्तमान प्रमुख ऋषिकांत सिंह ने पूर्व प्रमुख अवनीश व पीओ बिरेन्द्र कुमार के बीच सुलह कराया। तब जाकर पूर्व प्रमुख ने तालाबंदी खोला। जानकार के अनुसार आगनबाड़ी निर्माण में शेष राशि के शीघ्र भुगतान का आश्वासन पीओ ने दिया है। इसके बाद पूर्व प्रमुख का आक्रोश शांत हुआ।

**सुर्खियों में रहता है मनरेगा योजनाः** बता दें कि न सिर्फ चौगाई बल्कि पूरे जिले में मनरेगा विभाग तथा उसकी योजनाएं हमेशा सुर्खियों में रहता है। कभी मास्टर रौल गायब होने, कभी बिना पौधे लगाए भुगतान तो कभी मजदूरों के बजाए जेसीबी से काम की शिकायतें विभिन्न प्रखंडों से मिलते रहती है। इस कार्यालय में कमीशनखोरी तथा विवाद कोई नई बात नहीं है।

**क्या कहते हैं पीओः** इस संबंध में मनरेगा पीओ बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त योजना के मास्टर रौल में तकनीकी गड़बड़ी थी। जिस कारण भुगतान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि मास्टर रौल की गड़बड़ी सुधार भुगतान किया जाएगा।

## एक नजर

### दिखावे के लिए अनुमंडल कार्यालय में लगा प्लाउ, मटके में नहीं रहता पानी




**डुमरांव।** भीषण गर्मी में हो रहे नगर परिषद चुनाव में प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं। नामांकन प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय में हो रही है, जहा हर दिन हजारों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में नामांकन करने जाने वाले प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों को सबसे अधिक दिक्कत पेजयल के लिए हो रही है। तल्ख धूप व लू के बीच हर थोड़ी देर पर लोगों का गला सूख जा रहा है। हालांकि नगर परिषद द्वारा दिखावे के लिए अनुमंडल कार्यालय में अस्थायी प्याउ लगाया गया है। वहां दो घड़े भी रखे गए हैं। लेकिन उसमें पानी नहीं रहने से लोग खासे परेशान हो रहे हैं। अपने प्रत्याशी के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाते समर्थक थक हारकर प्यास बुझाने प्याउ के पास जा रहे हैं, लेकिन उसमें पानी नहीं रहने से झल्ला कर वहा से लौट रहे है। हर दिन नामांकन करने आने वाले प्रत्याशी व समर्थक दुकानों से बोतलबंद पानी खरीद प्यास बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। मंगलवार नामांकन करने पहुंचे प्रत्याशियों तथा समर्थकों के बीच प्याउ वाले घड़े में पानी नहीं होने से आक्रोश देखा गया।

### सामूदायिक शौचालयों का हाल देख भड़के बीडीओ ने मातहतों को लगाई फटकार



**केसठ।** केसठ प्रखंड को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं ओडीएफ मुक्त बनाने को लेकर बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा काफी सख्त हो गए हैं। सोमवार को बीडीओ ने केसठ पंचायत के वार्ड 18, कतिकनार के वार्ड 10, वार्ड 8 और वार्ड एक में बने सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई शौचालय में ताला लटका हुआ है तो कहीं शौचालय भवन में सफाई की कमी है, तो कहीं पूरा सिस्टम ही बेपटरी है। इस पर बीडीओ काफी सख्त दिखे तथा मातहतों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने सामूदायिक शौचालयों की साफ सफाई तथा उसमें पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की कई शौचालयों में मापदंड का अनुसार सुविधाएं भी नहीं दी गई है। कतिकनार वार्ड 1 में शौचालय के पास लगे चापाकल ही चोरी हो गया है। इसी पंचायत के वार्ड 10 में बने सामुदायिक शौचालय के स्नानघर में सतनारायण यादव द्वारा जलावन रखा गया है। जिसे बीडीओ ने 2 दिन के अंदर हटाने का निर्देश दिया। इस सामुदायिक शौचालय के पास लगा चापाकल कई महीनों से खराब पड़ा है, बीडीओ ने पीएचईडी विभाग को इसके मरम्मत का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द सभी सामुदायिक शौचालय पूर्ण रूप से दुरूस्त हो ताकी इसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की महत्वकांक्षी योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने को लेकर लगातार शौचालय की जांच की जा रही है। सामुदायिक शौचालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए बीडीओ ने गांव के स्थानीय लोगों से जब बात किया तो पता चला कि स्वच्छता से संबंधित कर्मी और जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण सामुदायिक शौचालय जर्जर अवस्था में है। लोगों ने कहा कि जब शौचालय में सुविधाएं नहीं रहेगी तो लोग कैसे इसका उपयोग करेंगे। बीडीओ के इस तेवर के बाद उनके मातहतों क मुश्किलें बढ़ी रही।

### भटवलिया गांव में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

**बक्सर।** औद्योगिक क्षेत्र थाना के भटवलिया गांव में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के तहत पारित आदेश के आलोक में प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई मंगलवार को की गई। इस संबंध में भटवलिया निवासी जितेन्द्र तिवारी द्वारा सदर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय में परिवाद दाखिल किया गया था। जिसमें लोक प्राधिकार से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जमीन बिहार सरकार की निकली। इसके बाद पदाधिकारी ने विवादित जमीन को कब्जेधारी नागेन्द्र नाथ तिवारी से मुक्ति दिलवाने का आदेश पारित किया था। आदेश के आलोक में सदर अंचल की प्रभारी सीओ सह राजस्व पदाधिकारी निधि ज्योत्सना व थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे और चिन्हित जमीन से अतिक्रमण हटवाए।

## शटल ट्रेन में शिक्षक नेता का मोबाइल ले भागा उचक्का

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ट्रेन में उचक्कों की सक्रियता कोई नई बात नहीं है। बीती रात एक उचक्के ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के अप लाइन में खड़ी पटना बक्सर शटल ट्रेन से जिले के चर्चित शिक्षक नेता तथा पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह के प्रतिनिधि रहे ब्रजेश राय का मोबाइल लेकर भाग गया। जानकारी के अनुसार वे सोमवार की रात आरा से एक शादी समारोह में शामिल होकर पैसेंजर ट्रेन से बक्सर लौट रहे थे। उक्त ट्रेन जैसे ही डुमरांव स्टेशन से खुली की उचक्का उनके हाथ से मोबाइल झपट भाग गया।

### देसी शराब बरामद, आरोपी फरार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने महाराजा कोठी के समीप एक बागीचे से देसी शराब बरामद किया है। पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहा, जिसकी पहचान पुराना भोजपुर के अजय चौधरी के रूप में की गयी है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जुटी है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि आरोपी के ठिकाने से ढाई लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।

## मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर कदाचार की थी योजना, 20 नकलचियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**

पिछले रविवार को केन्द्रीय चयन पर्षद ( सिपाही भर्ती ) परीक्षा द्वारा आहूत मद्य निषेध सिपाही की लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा बड़े पैमाने पर नकल की योजना बनाई गई थी। लेकिन केन्द्रों पर मुश्तैद प्रशासनिक टीम ने इसे विफल कर कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराया। बता दें कि परीक्षा के दौरान कुल 20 नकलची परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया था। उनके पास से बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद हुए हैं। एसपी मनीष कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि निष्कासित परीक्षार्थियों ने डिजीटल साधनों के माध्यम से नकल की फुलप्रूफ योजना बनाई थी। लेकिन इसे समय रहते पकड़ लिया गया। ऐसे परीक्षार्थियों को निष्कासित कर जेल भेजा गया है। परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हुई है।

परीक्षा केन्द्रों से जिन परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें वकील चौधरी, निधि कुमारी, मो साजिद अली, बब्लू कुमार, सुधीर कुमार, सचिन कुमार, मो मतलूम अंसारी, प्रकाश कुमार, राज सौरभ, अभिमन्यु कुमार, राजेन्द्र कुमार, सोनू कुमार, संदीप कुमार, राकेश कुमार, मो हारून, मो सोहराब, मधुवन यादव, राजेश यादव, रंजन ठाकुर, चंदन ठाकुर उर्फ मुकेश ठाकुर शामिल हैं।

**परीक्षा कक्ष में लेकर पहुंचे थे ब्लू टूथ, माईक स्मार्ट एअर बैंड, स्मार्ट वॉच**

निष्कासित परीक्षार्थियों के पास से कुल 14 तरह के इलेक्ट्रानिक डिवाइस मिले है। जिनमें 4 पीस ब्लू टूथ, 7 पीस माईक स्मार्ट एअर बैंड, 2 ट्रांसमिटर, 4 पीस कीपैड मोबाईल, 2 पीस ब्लूटूथ डिवाइस, 2 पीस मोबाईल जैसा डिवाइस, 3 पीस एंच माइक डिवाईस एअर बैंड, 8 पीस स्मार्ट फोन, 2 पीस स्मार्ट वॉच, 2 पीस इलेक्ट्रानिक डिवाईस, 1 पीस वॉकी टॉकी, 1 पीस घड़ी तथा 2 पीस एअर बैंड मिला है। नकल के लिए इतने बड़े पैमाने पर उपकरणों को देख प्रशासनिक टीम भी हैरान थी। वह भी तब जब परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट पर उनकी सघन तलाशी ली जा रही थी। ऐसे में सवाल उठता है कि जब परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा था तो वे परीक्षा कक्ष में इतने उपकरण लेकर कैसे चले गए।

## केंद्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद ने अर्चना एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा किया रवाना

# वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन में शुमार होगा बक्सर स्टेशनः अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/डुमरांव**



केंद्रीय मंत्री सह सांसद अश्विनी चौबे ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने मंगलवर की सुबह बक्सर रेलवे स्टेशन से अर्चना एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देर शाम चौसा रेलवे स्टेशन से फरक्का एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही बुधवार की शाम जियारत एक्सप्रेस को भी केंद्रीय मंत्री बक्सर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वहीं इस दौरान उपस्थित लोगों को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि बक्सर वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनेगा। रेलवे ओवरब्रिज का कार्य प्रगति पर है उसका भी निर्माण जल्द हो जाएगा। इस मौके पर रेलवे दानापुर मंडल के एडीआरएम सहित वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। ट्रेनों के ठहराव के लिए रेलवे बोर्ड ने कई मानक तय किए हैं। इसके दृष्टिकोण से उन मानकों पर भी रेलवे स्टेशनों को खरा उतरना पड़ता है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बक्सर वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं रेलवे के आला अधिकारी भी मौजूद थे। गौरतलब हो कि एक सप्ताह पहले ही स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कई एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव की घोषणा की थी। कई महत्वपूर्ण ट्रेनों की बक्सर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ठहराव की मंजूरी भी केंद्रीय मंत्री श्री चौबे के प्रयास से मिल चुकी है। ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि पटना जम्मूतवी के ठहराव से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए अब जाना काफी आसान हो जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने सर्किट हाउस में जनता की समस्या से भी अवगत हुए हुए और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समस्या निदान के लिए निर्देशित किया।

### डुमरांव की हो रही उपेक्षा से लोगों में निराशा

सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के प्रयास से बक्सर स्टेशन पर पटना अजमेर जियारत व पटना जम्मू तवी एक्सप्रेस, रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस, चौसा स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों के ठहराव को रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दी है। एक ओर जहां उनके प्रयास की सराहना हो रही है तो दूसरी ओर डुमरांव के लोगों में घोर निराशा है। कारण है कि बक्सर के बाद सबसे ज्यादा रेलवे को रेवन्यू डुमरांव स्टेशन से ही आता है इसके बावजूद लगातार यह उपेक्षा का शिकार है। पिछले कई सालों से नई ट्रेनों के ठहराव, रेलवे ब्रिज बनाने की मांग की अनदेखी की जा रही है।

सुविचार


भागवत गीता

तराशने वाले पत्थरों को भी तराश देते हैं,
नासमझ हीरों को भी पत्थर करार देते हैं।

बड़ी खबर झोलाछाप चिकित्सक व चिकित्सालयों पर टीम बनाकर...

केशव टाइम्स
बक्सर, 17 मई 2023



## खबरें फटाफट

### छात्रों के बीच मारपीट, एक घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्देपुर स्थित विद्यालय के छात्रों के दो गुटों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें एक छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उसके साथियों ने उपचार के जिला अस्पताल पहुंचाया और उसके परिजनों को घटना से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को विद्यालय से पढ़ कर घर वापस जा रहे सूरज कुमार सिंह 18वर्ष पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी टोला नेक राय थाना बैरिया को दूसरे छात्रों ने मारपीट कर घायल कर दिया।जिसे विद्यालय के सहपाठियों ने तत्काल जिला अस्पताल में उपचार के पहुंचाया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना से थाना पुलिस को अवगत कराया।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी

**बलिया।** बांसडीह रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत टकरसन गांव में मंगलवार की सुबह बाइक के असंतुलित होकर पलट जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल में उपचार के भर्ती कराया जहां रामदेव 40वर्ष पुत्र सुदामा की स्थिति अस्पताल के चिकित्सकों ने गम्भीर बताया है। जानकारी के अनुसार बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपूर गांव निवासी रामदेव 40पुत्र स्व.सुदामा और प्रशान्त कुमार 22वर्ष पुत्र अलगू निवासी गण राजपुर बाईक से किसी कार्य वश बलिया जा रहे थे अभी वह टकरसन गांव के पास पहुंचे ही थे कि उनकी असंतुलित होकर पलट गयी जिसके चलते दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां बाइक चला रहे रामदेव की हालत गंभीर बनी हुई है।

### चालक की हृदय गति रुकने से मौत

**बलिया।** लखनऊ राजधानी मार्ग पर स्थित शहर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर में प्राइवेट बस चालक की स्टेयरिंग पर ही हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। आंखों देखी मौत से बलिया से दिल्ली जाने के लिए बस में बैठे यात्री दंग रह गये। सूचना पर पहुंचे चंद्रशेखर नगर चौकी इंचार्ज परमात्मा मिश्र ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम पांच बजे बलिया से दिल्ली जाने वाली बस जलालपुर स्थित स्टैंड पर यात्रियों को बैठा रही थी। बस चालक राजस्थान के धौलपुर जनपद अंतर्गत मऊ नगला निवासी मवसी राम (58) का पुत्र जगदीश राम स्टेयरिंग पर बैठकर गाड़ी को स्टार्ट किया था। यात्री बस में चढ़ रहे थे, तभी स्टेयरिंग पर बैठा चालक लुढ़ककर नीचे गिर गया। आनन-फानन में वहां मौजूद लोगों ने चालक को स्टेयरिंग से बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का लाभ उठायें लाभार्थी: अभय कुमार सिंह

- स्वरोजगार अवसर : 10 लाख रुपए तक उपलब्ध कराया जाएगा ऋण
- ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 50 वर्ष के महिला एवं पुरूष उठा सकते हैं लाभ

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थानीय बैंकों के माध्यम से संचालित राज्य सरकार की मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले 18 से 50 वर्ष के महिला एवं पुरूष लाभार्थियों हेतु स्वरोजगार सृजन का सुनहरा अवसर है। योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के निवासी बेरोजगारों को अपने ही गांव में ग्रामोद्योग स्थापना के लिये स्थानीय बैंकों से 10 लाख रुपए तक प्रोजेक्ट सीमा के ऋण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

बैंक द्वारा लाभार्थी के पक्ष में स्वीकृत व वितरित पूंजीगत ऋण पर स्थापित व कार्यरत इकाई के पक्ष में पांच वर्षों तक ब्याज की धनराशि विभाग द्वारा उपादान के रूप में दिया जाता है, सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को पूजीगत ऋण पर चार प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर से एवं आरक्षित वर्ग (महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग) के पक्ष में सम्पूर्ण ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में विभाग द्वारा दिये जाने का प्राविधान है। योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु इच्छुक लाभार्थियों द्वारा अपने ऋण आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित (निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, परियोजना, फोटो, अनापत्ति प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र) योजना की वेवसाइट ६६६.४स्त्र'५ु.ड्ढ़५.ल्ल पर ऑनलाइन प्रेषित किया जा सकता है, ऑनलाइन प्रेषित आवेदन पत्रों की एक प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करना आवश्यक है। जिनके आवेदन पत्र स्कोरिंग के आधार पर सत्यापन करते हुए सम्बन्धित बैंक शाखाओं को आनलाईन ऋण स्वीकृत/वितरण हेतु प्रेषित किया जायेगा। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अभय कुमार सिंह ने दी है।

**मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का लाभ उठायें :** उप्र माटीकलां बोर्ड के माध्यम से माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में माटीकला से सम्बन्धित स्वरोजगार स्थापना के लिये स्थानीय बैंकों के माध्यम से अधिकतम प्रोजेक्ट कॉस्ट 10 लाख रुपए की सीमा तक के ऋण उपलब्ध कराए जाने का प्राविधान है। योजना के अन्तर्गत बैंक शाखा द्वारा उद्यमी के पक्ष में वितरित पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान एक मुश्त दिया जायेंगा। उद्यमी का स्वयं का अंश प्रोजेक्ट काष्ट का मात्र पांच प्रतिशत वहन करना होगा। माटीकलां से जुड़े हुये इच्छुक परंपरागत कारीगर, अनुभव प्राप्त, शिक्षित बेरोजगार व प्रवासी अनुभवी श्रमिक जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष तक हो वे अपना आवेदन पत्र अभिलेखों सहित (जाति, निवास, शैक्षिक योग्यता (8वीं पास), आधार कार्ड, फोटो आदि) के साथ 20 जून तक किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रामपुर उदयमान बलिया में जमा कर सकते हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अभय कुमार सिंह ने दी है।

## जिलाधिकारी ने 37 बिन्दु पर की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

# झोलाछाप चिकित्सक व चिकित्सालयों पर टीम बनाकर की जाए कार्रवाई: जिलाधिकारी

- चारागाह की जमीन तैयार कर गौशाला के लिए हरा चारा की बुआई के साथ चारा और पानी की व्यवस्था करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण 37 बिन्दु पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार मे सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने जनपद में झोलाछाप चिकित्सकों एवं बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे चिकित्सालय हो पर अभियान के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिया। कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

जिलाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक पात्र परिवार के व्यक्तियों का गोल्डेन कार्ड बनाते हुए इसमें तेजी लाने तथा जनपद के झोलाछाप चिकित्सालयों पर टीम बनाकर जॉच कर कार्रवाई की बात कही। निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण का निर्देश दिया।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण एवं सहभागिता योजना में पात्र लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां डिफाल्टर होने पर दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने एवं खण्ड विकास अधिकारी भांवरकोल के मीटिग में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारागाह की जमीन तैयार कर गौशाला के लिए हरा चारा की बुआई किया जाए एवं पशुओं को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त शेड एवं चारा, पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में खराब हैण्ड पंम्पों को तत्काल मरम्मत कराने कराएं, जिससे गर्मी में पीने के पानी की समस्या न होने पाए। साथ ही सभी विकास खण्डों में कम से कम दो अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के संबंध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक समेत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एक्सईएन और डीआईओएस का वेतन रोकने का निर्देश

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी ने विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जनपद के झोलाछापों पर टीम बनाकर जांचकर कार्रवाई की बात कही। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां डिफाल्टर होने पर दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने एवं खण्ड विकास अधिकारी भांवरकोल के मीटिंग में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतो में खराब हैण्ड पम्पो को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया, जिससे गर्मी मे पीने के पानी की समस्या न होने पाये। साथ ही सभी विकास खण्डों में कम से कम दो अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित सभी चेयरमैन हुए सम्मानित



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव में सपा के टिकट और सपा के समर्थन विजयी हुए समस्त चेयरमैनों और सभी निर्वाचित सभासदों को जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने अंगवस्त्र और पुष्प माला देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद नगर पंचायत के चुनाव में जीत हासिल किया है जिसके लिए कोटिश बधाई।इस अवसर पर नगर पंचायत बांसडीह के चेयरमैन पद पर निर्वाचित सुनील कुमार,नगर पंचायत नगरा की पहली चेयरमैन पद पर निर्वाचित इन्दू देवी,नगर पंचायत मनियर के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रीतू देवी और लगातार सात वीं बार अपने परिवार से निर्वाचित सरिता सिंह के इलावा नगरपंचायत रेवती के अध्यक्ष पद पर दूसरी बार निर्वाचित जयश्री पाण्डेय सपा समर्थित उम्मीदवारो सभी निर्वाचित सभासदों को सपा जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सनातन पाण्डेय को अंगवस्त्रम और पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सपा विधायक संग्राम सिंह यादव, पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह,अनिल राय, शशि कांत चतुवेर्दी, अनिल राय,बदरुदुजा, सुशील पाण्डेय कान्हजी,अकमल नईम खान, जलालुद्दीन जेडी,मिन्टू खान, सभी सपा के नेता गण मौजूद रहे। कार्यालय में जश्न का माहोल घण्टों बना रहा।

### गाजीपुर, जौनपुर व चंदौली के एसपी माफियाओं पर करें त्वरित कार्रवाई : डीआईजी



**गाजीपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र अखिलेश कुमार चैरसिया ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय पर अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। जिसमें एसपी ओमवीर सिंह, एसपी जौनपुर डॉ. अजय पाल तथा एएसपी चंदौली सुखराम भारती मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान मुख्य रुप से माफिया अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं हत्या, लूट तथा नकबजनी की घटनाओं के रोकथाम व अनवर्क आउट घटनाओं के अनावरण व संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व शत-प्रतिशत माल की बरामदगी तथा महिला उत्पीड़न, पाक्सो, अनुसूचित जाति व जनजाति उत्पीड़न के अपराधों के सम्बन्ध में विस्तार से समीक्षा की गई एवं अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए फुट पेट्रोलिंग, प्रभावी गश्त व एन्टी रोमियों को विशेष रुप से सक्रिय किए जाने आदि की कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वाराणसी रेंज के गाजीपुर, जौनपुर और चंदौली जिलों के पुलिस अफसरों को बॉर्डर से जुड़े अपराध एवं लंबित मामलों में तत्काल कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने माफियाओं की सूची बनाकर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने एवं अपराध पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।

### विद्युत चोरी में 21 उपभोक्ताओं पर एफआईआर



**गाजीपुर।** गाजीपुर के अधीक्षण अभियंता राकेश मोहन के निर्देश पर विद्युत वितरण खंड द्युतीय आमघाट के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार एवं सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में रौजा उपकेंद्र के मोहल्ला चंद्रशेखर नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 21 लोगों को मीटर बाईपास कर मौके से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया। जिनमें सभी लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी एवं राजस्व नुकसान में बिजिलेंस थाना रौजा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। उधर तीन लोगों का जला मीटर बदलकर मौके पर नया मीटर स्थापित कर नौ लोगों का लोड बढ़ाया गया है। साथ ही 12 लाख के बकाए पर चार लोगों की लाइट खोली गई। सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि रौजा क्षेत्र में बराबर लो वोल्टेज, ओवरलोड ट्रांसफार्मर, मीटर बाईपास की शिकायत बार -बार मिल रही थी, जिसमें चेकिंग के दौरान 21 लोगों के ऊपर विद्युत चोरी में कार्रवाई की गई। आगे भी इसी तरह की कांबिंग इस क्षेत्र में चलता रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया की जनहित में बिजली बचाओ एवं विद्युत चोरी कत्तई न करें। कोई भी मीटर बाईपास कर-के विद्युत उपभोग न करे, एवं समय से अपने -अपने बिल का भुगतान अवश्य करें। चेकिंग टीम में मुख्य रूप से अवर अभियंता अमित गुप्ता, जीएमटी वेदांत त्रिपाठी सहित मीटर रीडर, संविदा कर्मी मौजूद रहें।

### ऑडिशन के माध्यम से 12 कलाकार चयनित

**गाजीपुर।** भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्था ओमकारम् के तत्वावधान में गाजीपुर में राम रमैया कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के विजन लोकल फॉर वोकल को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में चले आडिशन में कई जनपदों से 10 वर्ष से 50 वर्ष तक के कलाकारों का आडिशन हुआ। इसी के तहत गाजीपुर से 12 कलाकारों को चयनित किया गया। जिन्हें भजन सम्राट पदमश्री अनूप जलोटा के साथ मंच पर प्रस्तुति का अवसर मिलेगा। इसके पश्चात चयनित 12 कलाकारों में से चार को चयनित किया जाएगा, जो पूरे देश में कुल 25 कंसर्ट में अनूप जलोटा के साथ लाइव होंगे। इसी के साथ आज अनूप जलोटा गाजीपुर पहुंचे। उन्होंने एक निजी होटल में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि ₹राम रमैया₹ कार्यक्रम का मुख्य मकसद छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि गाजीपुर से भी 12 कलाकार चयनित हुए हैं, जो मेरे साथ मंच साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को अध्यात्म के प्रति लगाव पैदा करने के मकसद से है।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

रसड़ा पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अभियुक्त के साथ मिली लड़की को महिला आरक्षी के संरक्षण मे थाना पर लाकर उसके परिजनो को सूचित किया गया।

बताया जाता है कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने 15 मई को अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर कही ले जाने का आरोप लगाते हुए अब्दुल्ला उर्फ गुलाब मुहम्मद पुत्र ओली मुहम्मद (निवासी गुदरी बाजार, थाना चितबडागांव, बलिया) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अभियोग में नामजद अभियुक्त अब्दुल्ला उर्फ गुलाब मुहम्मद की गिरफ्तारी व पीड़िता/अपहता की बरामदगी की तलाश पुलिस कर रही थी। इस के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा मुहम्मद फहीम कुरैशी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा हिमेन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम ने 30 वर्षीय अभियुक्त अब्दुल्ला उर्फ गुलाब मुहम्मद पुत्र ओली मुहम्मद को रेलवे स्टेशन रसड़ा से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। वहीं, सम्बन्धित पीड़िता/अपहता भी अभियुक्त के साथ मिली। जिसके बाद अरोपित को पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी कर अभियुक्त अब्दुल्ला उर्फ गुलाब मुहम्मद को पाक्सो एक्ट में पाबंद कर पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया।

## अगलगी में जली झोपड़ी, महिला झुलसी

**केटी न्यूज/बलिया**



दुबहड़ थाना क्षेत्र के नगवा गांव में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग में चार गाय जलकर मर गई। साथ ही एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत नगवा में अवधेश यादव के घर से निकली चिंगारी देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जिसमें अवधेश यादव की दो झोपड़ी के अलावा एक मैजिक टेंपो व अनाज सहित घर की कई आवश्यक सामान जलकर राख हो गए। वही भोला यादव की दो झोपड़ी तथा उसमें रखा चारपाई, कपड़ा, बर्तन, अनाज आदि जल गया। जबकि भोला यादव तथा उसके बड़े भाई सिन्टू का तिलक आज ही के दिन शाम को होना तय है। बब्बन यादव की दो झोपड़ी के अलावा उनका भी दैनिक उपयोग का सारा सामान और साइकिल जल गया। रमाशंकर यादव की तीन झोपड़ी में दो गाय, चारपाई दैनिक उपयोग का सारा सामान जलकर राख हो गया। मनीष यादव की झोपड़ी में दो गाय, भूसा, अनाज आदि सामान जलकर राख हो गया।अपनी गाय को बचाने के चक्कर में रामाशंकर की पत्नी शिव कुमारी देवी पूरी तरह झुलस गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया ।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुबहड़ थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने अपने दल बल के साथ आग को बुझाने में काफी मदद की। लगभग आधा घंटा देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भी आग बुझाने में मदद की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पिंटू जावेद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भुनेश्वर पासवान आदि ने लेखपाल को सूचित कर इन गरीब परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, निकाली गई जागरुकता रैली

# दिन के समय काटता है डेंगू का एडिज मच्छर : डॉ. नरेश कुमार

**केटी न्यूज/मऊ**



राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मंगलवार को जन-जागरूकता के उद्देश्य से स्कूली बच्चों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ रैली निकाली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाई। यह रैली पठान टोला, मठिया टोला के क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य व बच्चे, भरहूकापुरा, छोटी महरनिया नगरीय स्वास्थ्य केंद्र के एमओ अपने समस्त कर्मचारियों के साथ इस रैली में सम्मिलत हुए। इसी तरह जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर गोष्ठी व बैठकों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जनमानस को डेंगू के कारणों और इससे जुड़े बचाव के बारे में जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डेंगू के सबसे मुख्य लक्षणों में हड्डियों का दर्द शामिल है, इसी वजह से डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इससे पीड़ितों को इतना अधिक दर्द होता है कि जैसे उनकी हड्डियां टूट गई हो। यह बुखार संक्रमित एडिज मच्छर के काटने से होता है जो दिन के समय काटता है। सीएमओ ने इससे बचाव के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह एडीज मच्छर जमीन से तीन फिट से ज्यादा उपर नहीं उड़ सकता इसलिये मच्छरों के काटने वाली जगहों पर शरीर को ढक कर रखें, फुल आस्तीन के कपड़े तथा पैरों में समय और ऋतु के अनुसार मोजे पहने। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, दिन में शरीर के खुले स्थानों पर मच्छर भगाने वाला स्प्रे का प्रयोग करें।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डा. आरएन सिंह ने बताया कि जिन क्षेत्रों में रैली निकाल कर जागरुकता का प्रसार किया गया है, उन जगहों पर पिछले सत्र में इस मच्छरजनित रोग का संचार हुआ था। इसलिये इस बीमारी से निपटने के लिए स्वच्छता जरुरी है। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षणों में तेज सिर दर्द, पीठ दर्द, आंखों में दर्द, तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, उल्टी साथ ही गंभीर लक्षण होने पर मसूड़ों से खून बहना, नाक से खून बहना, होता है। इस मच्छर के काटने के 5 से 6 दिन बाद डेंगू के लक्षण दिखाई देने लग जाता है। ऐसे लक्षणों के दिखाई पड़ते ही अपने नजदीकी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर पहुचें यहाँ सभी इलाज जाँच सरकार के खर्च पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डेंगू का बुखार खासतौर पर बारिश के मौसम में होता है क्योंकि इसी दौरान एडिज मच्छरों को पनपने के लिए जगह-जगह जमा हुआ भरपूर पानी मिलता है। वर्ष 2022 में जिले में 32 डेंगू के मरीज चिन्हित हुए थे, जिन्हें समुचित इलाज देकर स्वस्थ किया गया। वर्ष 2023 में अबतक एक भी डेंगू का मरीज नहीं पाया गया।

डीएमओ बेदी यादव ने बताया कि घर व आसपास जल जमाव मुक्त क्षेत्र बनाएं, अपने पास कूलर, गमले और टायर आदि में पानी न रहने दें। पानी की टंकियों को सही तरीके से ढंक कर रखें। खिड़की और दरवाजों में जाली लगीं हों। कूलर या पानी वाली जगहों पर मिटटी का तेल तेल का छिड़काव करें। घर के अंदर और आस-पास सफाई रखें।